an>

Title: Need to ensure payment of arrears of wages and other service benefits to employees of closed Sugar mill at Hardoi in Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई में उत्तर प्रदेश राज्य चीनी मिल इकाई काफी समय से बन्द पड़ी है। मिल बन्द होने के बाद कर्मचारियों का 40 प्रतिशत वेतन भुगतान किया गया। शेष 60 प्रतिशत भविष्य निधि वेतन एवं अन्य बकाया भुगतान अभी तक नहीं किये गये। लखनऊ के क्षेत्रीय आयुकत के पत्र संख्या 51709, दिनांक 16.07.2003 कर्मचारियों के वार्षिक लेखा विवरण वर्ष 1991-92 में त्रुटियां होना स्वीकार किया तथा सुधार कर शीघ्र भुगतान करने का आश्वासन भी दिया। प्रपत्र 3ए एवं 6ए के माध्यम से इस कार्यालय में कर्मचारियों का भविष्य निधि एवं अन्य भुगतान राशि जमा होना अंकित है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जब धन जमा है तो कर्मचारियों का शेष 60 प्रतिशत भविष्य निधि वेतन एवं बकाया का भुगतान अविलम्ब कराया जाए।